रिस्पना पुल के पास पुलिस की बैरिकेडिंग से सौ मीटर पहले ही धरने पर बैठे, सवा घंटे बाद मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे सीएम आवास

चौखुटिया वालों का कूच, सीएम बोले-वहीं आकर देखूंगा हालात

देहरादून,वरिष्ठ संवाददाता। अल्मोड़ा के चौखुटिया सीएचसी की बदहाली से आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को दून में गांधी पार्क से विधानसभा कूच किया। लेकिन, पुलिस ने रिस्पना पुल से पहले बैरिकेडिंग की तो वे सौ मीटर पहले ही धरने पर बैठे और जनगीतों से चौखुटिया की आवाज बुलंद की। करीब सवा घंटे तक चले धरने के बाद जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए ले जाया गया। पर विधानसभा में शेड्यूल तय न होने पर प्रदर्शनकारियों को सीएम आवास ले जाना पड़ा। यहां मुख्यमंत्री ने उनको तमाम मुद्दों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि वे वहीं आकर सीएचसी का निरीक्षण करेंगे।

बता दें कि चौखुटिया के लोग 35 दिनों से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए 'ऑपरेशन स्वास्थ्य चौखुटिया' नाम से आंदोलन चला रहे हैं। इसके तहत सोमवार की शाम 18 लोगों की पदयात्रा तीन सौ किमी से ज्यादा की दूरी तय करके देहरादून पहुंची। मंगलवार को पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी, भुवन सिंह कठायत और भगवत सिंह मेहरा की अगुवाई में उन्होंने विधानसभा कूच किया। देहरादून के कुछ लोग भी उनके साथ थे। जब वे रिस्पना पुल के पास पहुंचे तो पुलिस ने बैरिकेडिंग करते हुए ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया। दूसरी ओर, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर जोगीवाला में झड़प के बीच घसीटने का आरोप लगाया। उन्होंने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार पहले नहीं देखा। दूसरी ओर, एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने पुलिस को बैरिकेडिंग पर ब्रीफिंग में ड्यूटी को लेकर कई हिदायत दी। इस दौरान चंदा कोहली, शांति हटवाल, सरस्वती, नंदिता भट्ट, जगदीश गौड़, आशीष नेगी, महेंद्र, दान सिंह नेगी, हेमंत बंगारी, सुंदर नेगी, सुरेंद्र सिंह नेगी, आनंद रावत, शंकर सिंह बिष्ट, आयुष रावत, अमित समेत कई मौजूद रहे।

देहरादून में मंगलवार को गांधी पार्क से विधानसभा कूच के दौरान रिस्पना पुल के पास धरना देते चौखुटिया के लोग। ● हिन्दुस्तान

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा और निगरानी करेंगे: धामी

देहरादून में आंदोलनकारियों से मिले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चौखुटिया सीएचसी को 30 से बढ़ाकर 50 बेड किया जा रहा है। इस अस्पताल में निर्माण कार्य समय पर पूरे करने के साथ एक्स-रे मशीन के संचालन की जिम्मेदारी उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन परिषद को सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वे जल्द चौखुटिया जाकर सीएचसी का निरीक्षण करेंगे और स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के साथ सीधी निगरानी करेंगे।

35 दिनों से चौखुटिया क्षेत्र में आंदोलन जारी, दून पहुंची थी 18 लोगों की पदयात्रा

एम्स में राज्य के लोगों के लिए विशेष काउंटर

आंदोलनकारियों के साथ वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तराखंड के लोगों के लिए ऋषिकेश एम्स में विशेष काउंटर स्थापित करने के लिए तत्काल बात की जाएगी, ताकि प्रदेशभर के लोगों को यहां पर बेहतर इलाज मिल सके।

डॉक्टरों की तैनाती तक जारी रहेगा आंदोलन

इस दौरान पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी और भुवन कठायत ने कहा कि सीएम से वार्ता में कुछ आश्वासन मिले हैं। सीएचसी के उच्चीकरण की बात का स्वागत है, लेकिन मुख्य मांग डॉक्टर और कर्मचारियों की तैनाती और उपकरणों की उपलब्धता अभी अधूरी ही है। इसलिए चौखुटिया का आंदोलन जारी रहेगा, जब तक यह मांगें पूरी नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर यह जनजागरूकता अभियान था। अब वे लौट रहे हैं। इस आंदोलन को लेकर समिति बनी है, उसके समक्ष भी पूरी बात रखी जाएगी।

प्रदर्शनकारियों ने इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया

- सरकार से घोषित 50 बेड के अस्पताल के शासनादेश के बाद वित्तीय स्वीकृति दी जाए।
- सर्जन, फिजिशियन, महिला रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, एनेस्थेटिक और रेडियोलॉजिस्ट समेत पैरामेडिकल, नर्सिंग और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिए जाएं।
- 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं के साथ आईसीयू और निक्कू की सुविधा मिले।
- डिजिटल एक्सरे मशीन लगाई जाए और ऑपरेशन थियेटर एवं प्रसव कक्ष की सुविधा भी हो
- चौखुटिया में टेलीमेडिसिन केंद्र की स्थापना की जाए।

शहर 30S

दून स्थित उत्तरांचल विवि में मंगलवार को आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ।

ग्रीन टेक्नोलॉजी पर विशेषज्ञों का मंथन

देहरादून। उत्तरांचल विवि के उत्तरांचल प्रबंधन संस्थान में मंगलवार को 'ग्रीन टेक्नोलॉजी एंड सस्टेनेबल ट्रांसफॉर्मेशन' पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार हुआ, जिसमें 500 छात्रों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। अध्यक्ष जितेंद्र जोशी, उपाध्यक्ष अंकिता जोशी, कुलपति प्रो. धर्म बुद्धि, उपकुलपति प्रो. राजेश बहुगुणा और आईसीएआई अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता प्लेटिनम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन कृष्ण दुष्यंत राणा रहे।

गवर्नर और सीएम ने प्रकाश पर्व की बधाई दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने श्रीगुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि यह पावन प्रकाश पर्व हमें श्रीगुरु नानक देव की शिक्षाओं का स्मरण कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संदेश में कहा कि श्रीगुरु नानक देव की शिक्षा आज भी प्रासंगिक है।

एसजीआरआर रेसकोर्स समूहगान का चैंपियन

देहरादून। श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल बॉम्बेबाग में मंगलवार को आयोजित अंतरविद्यालयी समूहगान में एसजीआरआर रेसकोर्स प्रथम रहा। बिंदाल दूसरे स्थान पर रहा। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने इस प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारती हैं। इस दौरान प्रधानाचार्य संदीपना जायसवाल भी मौजूद रहे।

पहाड़ों में बारिश और मैदानों में कोहरे के आसार

देहरादून। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते पहाड़ी जिलों में बुधवार को हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम निदेशक डॉ. सीएस तोमर ने बताया कि बुधवार को उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग एवं पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश संभव है। बाकी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। मैदानी क्षेत्रों में सुबह के समय कोहरा छा सकता है।

पैरों में छाले, सियासत से दूरी, पहाड़ की पीड़ा

■ चांद मोहम्मद

देहरादून। चौखुटिया से तीन सौ किमी से अधिक की पैदल यात्रा कर देहरादून पहुंचे आंदोलनकारियों ने अपने जज्बे से सबका ध्यान खींचा। थकान से चूर कई लोग सड़क पर ही धरने के बीच लेट गए, पैरों में पड़े छाले और चेहरे पर झलकते दर्द ने पहाड़ की उपेक्षा की कहानी बयां कर दी। स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर वे आक्रोशित दिखे और सियासत से दूरी बनाए रखी।

मंगलवार को गांधी पार्क में उन्होंने साफ कहा कि उनको किसी पार्टी के समर्थन की जरूरत नहीं। मंच से यह घोषणा होते ही वहां मौजूद एक पार्टी के नेताओं को कुछ देर बाद लौटना पड़ा। विधानसभा कूच के दौरान भी कई दलों के नेता पहुंचे, मगर उनको माइक पर बोलने की अनुमति नहीं दी। आशीष नेगी ने जनगीतों से सरकारी व्यवस्था पर चोट की। भुवन ने कहा कि चौखुटिया का आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा।

हुंकार: चौखुटिया ही नहीं, पूरे पहाड़ का आंदोलन

चंदा कोहली। ● हिन्दुस्तान

चंदा कोहली के पैरों में छाले पड़े हैं, उनके पैरों से कई बार खून भी निकला। अब सूजन आ गई है। वे कहती हैं कि प्रण लिया है कि वे जब तक सरकार तक पहाड़ की पीड़ा नहीं पहुंचाएंगी, तब तक चप्पल नहीं पहनेंगी। बुजुर्ग शांति देवी पैरों के छाले दिखा कहती हैं कि सुविधाएं दे देते तो यहां नहीं आना पड़ता। रोज करीब 30 किमी तक चलते थे। रास्ते में कई लोगों ने स्वागत किया और अपना समर्थन दिया। आयुष और शंकर बोले, रास्ते में कुछ अस्पतालों की हालत भी बदतर मिली। यह पूरे पहाड़ का आंदोलन है।

सीएचसी में या तो ताला लगा दो या सुविधाएं दो

विस कूच के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, एसपी सिटी प्रमोद कुमार, सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। आंदोलनकारी भगवत सिंह दो टूक बोले-चौखुटिया सीएचसी में या तो ताला लगवा दो या फिर डॉक्टर, संसाधन और कर्मचारियों की पूरी सुविधा दीजिए। उधर, कई सियासी और सामाजिक संगठनों के लोग भी इन लोगों को समर्थन देने पहुंचे। कांग्रेस प्रवक्ता गरिमा दसौनी, मदन बिष्ट, स्वाभिमान मोर्चा अध्यक्ष बॉबी पंवार, सामाजिक कार्यकर्ता मोहित डिमरी, लुसून टोडरिया, रीजनल पार्टी के शिवप्रसाद सेमवाल, संयुक्त नागरिक संगठन के सुशील त्यागी, एसयूसीआई के राज्य समन्वयक डॉ. मुकेश सेमवाल, प्रांजल और सचिन भी पहुंचे।

03 सौ किमी पैदल चलकर दून पहुंचे लोग बोले-नहीं चाहिए सियासी सहारा

चौखुटिया से पैदल दून आए लोगों के पैरों में पड़े छाले और खून निकला।

चौखुटिया से पैदल दून आए कई लोगों के पैरों में छाले पड़ गए हैं।

कसरत: रायपुर-तपोवन की सड़कें दोबारा बनेंगी

अच्छी खबर

■ लोनिवि ने शासन को 15 करोड़ का प्रस्ताव भेजा, 35 किमी सड़कें बनाई जाएंगी

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। रायपुर और तपोवन की कॉलोनियों की बदहाल सड़कों के पुनर्निर्माण की कवायद शुरू हो गई। लोनिवि ने विभिन्न कॉलोनियों की 35 किमी सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। इस पर करीब 15 करोड़ का बजट खर्च होगा।

रायपुर और तपोवन क्षेत्र की सड़कें बरसात में बदहाल हो गई थी। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। लोग निरंतर सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग कर रहे थे। 15 किलोमीटर सड़कें तपोवन क्षेत्र और 20 किमी सड़क रायपुर क्षेत्र की है। लोनिवि ईई वीएन द्विवेदी ने बताया कि शासन से जल्द बजट मंजूर होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया, जैसे ही बजट मिलेगा, काम शुरू करवा दिया जाएगा।

इन क्षेत्रों में बनेंगी सड़कें: रायपुर क्षेत्र में ननूरखेड़ा, लाडपुर, नेहरूग्राम, डोभाल चौक, रायपुर, मोहकमपुर और चकतुनवाला वार्ड की कॉलोनियों की सड़कें बनेंगी। जबकि तपोवन क्षेत्र में अधोईवाला, भगत सिंह कॉलोनी, चंदर रोड एमडीडीए कॉलोनी, वाणी विहार, गुजराड़ा मानसिंह, डांडा लखौंड और आमवाला तरला वार्ड की विभिन्न कॉलोनियों की सड़कें बनेंगी।

आढ़त बाजार की शिफ्टिंग को रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू

फॉलोअप

देहरादून,वरिष्ठ संवाददाता। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने आढ़त बाजार की शिफ्टिंग के लिए रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सड़क चौड़ीकरण से जुड़ी सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए मुख्य अभियंता एचसीएस राणा और संयुक्त सचिव गौरव चटवाल अधिकृत किए गए।

मंगलवार को पैंतीस व्यापारियों ने संपत्ति से जुड़े दस्तावेज एमडीडीए को सौंपे। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि जल्द मुआवजा जारी किया जाएगा। व्यापारियों को बताया गया है कि किसे कितना मुआवजा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रभावित संपत्तियों के स्वामियों को उचित प्रतिकर और वैकल्पिक भूखंड प्रदान करने की दिशा में पारदर्शी और व्यवस्थित प्रक्रिया अपनाई जा रही है। विकास कार्यों में नागरिकों के सहयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्था)
पो.ऑ.– न्यू फॉरेस्ट, देहरादून – 248006 (उत्तराखण्ड), भारत

सलाहकार–01 (संविदात्मक) के पद के लिए आवेदन

भारतीय वन अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (ICFRE) "**सलाहकार – ग्रीन क्रेडिट**" के एक पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है ताकि ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम के तहत कार्यान्वयन, डेटा प्रबंधन, सत्यापन और प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देशों के विकास आदि में सहायता करेगा, जिसकी अवधि 2 (1+1) वर्ष है।

अनिवार्य योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वानिकी/पर्यावरण विज्ञान/पारिस्थितिकी में पोस्ट ग्रेजुएट उपाधि और MS Office का अच्छा ज्ञान तथा संबंधित क्षेत्रों में न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव।

संयुक्त पारिश्रमिक प्रति माह ₹80,000/– होगा (आयकर नियमों के अनुसार टीडीएस कटौती होगी)।

आवेदन के लिए आवश्यक प्रारूप और दस्तावेजों के साथ विस्तृत विज्ञापन भा.वा.अ.शि.प. की वेबसाइट (www.icfre.gov.in/recruitment) पर उपलब्ध है। **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 15 दिन है।**

आवेदन पत्र, **प्रमुख, ग्रीन क्रेडिट सेल,** भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (मुख्यालय), पी.ओ. न्यू फॉरेस्ट, देहरादून–248006, को बाय हैंड/पोस्ट/ईमेल के माध्यम से भेजे जाने चाहिए।

प्रमुख, ग्रीन क्रेडिट सेल, भा.वा.अ.शि.प. (मुख्यालय)

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking) Honours Your Trust
अंचल कार्यालय: प्लॉट नं. 5, आई.टी. पार्क सहस्त्रधारा रोड देहरादून, उत्तराखण्ड 248001, फोन नं0 0135–2742811, 2742868

{नियम–8 (6)} अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जामानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "**जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है**" के आधार पर दिनांक **28.11.2025 को दोपहर 01:00 बजे से सायं 05:00 बजे** (10 मिनट को असीमित स्वतः विस्तार सहित है) ई–नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चो की वसूली हेतु विक्रय किया जाएगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है:–

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

क्र. सं.	ऋणी और जमानतदार का नाम/पता	बंधक संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि	ई-नीलामी की दिनांक व समय	बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि
1.	श्रीमती पूनम पत्नी श्री जगदीश कुमार, मकान संख्या 32 गढ़मीरपुर, कैल्विन केयर फैक्ट्री के पास, हरिद्वार– 249403, उत्तराखंड श्री जगदीश कुमार पुत्र अमर सिंह, मकान संख्या 32 गढ़मीरपुर, कैल्विन केयर फैक्ट्री के पास, हरिद्वार– 249403, उत्तराखंड	**यूको बैंक के पास बंधक संपत्ति।** सामयिक बंधक आवासीय सम्पत्ति का भाग और हिस्सा जिसका भूखंड संख्या–4 खसरा संख्या–603 क्षेत्रफल पूर्व–14 फीट, पश्चिम–14 फीट, उत्तर–40 फीट, दक्षिण–40 फीट, कुल क्षेत्रफल 560 वर्ग फीट या 52.04 वर्ग मीटर। स्थित ग्राम सलेमपुर मेदूद–1 परगना रुड़की तहसील एवं जिला में हिरिद्वार बहार सीमा नगर निगम हरिद्वार, श्रीमती पूनम पत्नी जगदीश कुमार के नाम पर, उप–पंजीयक हरिद्वार, जिला हरिद्वार के कार्यालय में बही संख्या–1, जिल्द संख्या–3410, पृष्ठ–81 से 94 पर पंजीकृत। बिक्री विलेख संख्या 3875 दिनांक 06–07–2015 सीमाएं– **पूर्व** – भूखंड संख्या–15, **पश्चिम** – रास्ता 18 फीट चौड़ा, **उत्तर** – भूखंड संख्या–5, **दक्षिण** – रास्ता 18 फीट चौड़ा	रू0 11.50 लाख रू0 1,15,000/– बोली वृद्धि राशि रू0 30,000/– कब्जा नोटिस की तिथि 06.09.2023 (भौतिक कब्जा)	28.11.02025 को दोपहर 01:00 से 5.00 बजे संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय 25.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे के बीच कृपया संपर्क करें अरुण कुमार भट्ट (9230500344)	28.11.2025 को सांय 04.50 तक	रूपये 32,47,985.80 + दिनांक 29–01–2023 तक ब्याज मांग सूचना दिनांक 28.04.2023
2.	श्रीमती पूनम पत्नी श्री जगदीश कुमार, मकान संख्या 32 गढ़मीरपुर, कैल्विन केयर फैक्ट्री के पास, हरिद्वार–249403, उत्तराखंड श्री जगदीश कुमार पुत्र अमर सिंह, मकान संख्या 32 गढ़मीरपुर, कैल्विन केयर फैक्ट्री के पास, हरिद्वार– 249403, उत्तराखंड	**यूको बैंक के पास बंधक संपत्ति।** सामयिक बंधक आवासीय सम्पत्ति का भाग और हिस्सा जिसका भूखंड संख्या–3 खसरा संख्या–603 क्षेत्रफल पूर्व–23 फीट, पश्चिम–23 फीट, उत्तर–33.50 फीट, दक्षिण–33.50 फीट, कुल क्षेत्रफल 771 वर्ग फीट या 71.65 वर्ग मीटर। स्थित ग्राम सलेमपुर मेदूद–1 परगना रुड़की तहसील एवं जिला हरिद्वार बहार सीमा नगर निगम हरिद्वार, श्री जगदीश कुमार पुत्र श्री अमर सिंह के नाम पर, उप–पंजीयक हरिद्वार, जिला–हरिद्वार के कार्यालय में बही संख्या–1, जिल्द संख्या–4021, पृष्ठ–151 से 166 पर पंजीकृत, बिक्री विलेख संख्या 3440 दिनांक 01–07–2017, **सीमाएं पूर्व** – प्लॉट संख्या–16, **पश्चिम** – रास्ता 18 फीट चौड़ा, **उत्तर** – प्लॉट संख्या–4, **दक्षिण** – रास्ता 20 फीट चौड़ा	रू0 16.87 लाख रू0 1,68,700/– बोली वृद्धि राशि रू0 30,000/– कब्जा नोटिस की तिथि 06.09.2023 (भौतिक कब्जा)	28.11.02025 को दोपहर 01:00 से 5.00 बजे संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय 25.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के बीच कृपया संपर्क करें विनोद चौहान (शाखा प्रबंधक) मोबाइल–9230501793	28.11.2025 को सांय 04.50 तक	रूपये 32,47,985.80 + दिनांक 29–01–2023 तक ब्याज मांग सूचना दिनांक 28.04.2023
3.	श्रीमती ममता रानी फ्लैट संख्या A004 जर्स कंट्री तहसील और जिला हरिद्वार पिन–249407 श्री पवन कुमार फ्लैट संख्या A004 जर्स कंट्री तहसील और जिला हरिद्वार पिन–249407	**यूको बैंक के पास बंधक संपत्ति।** आवासीय भवन जिसका प्लाट संख्या 67, खसरा संख्या 1617 स्थित महादेव ग्रीन्स, ग्राम अन्नेकी, हेत्तमपुर, परगना, रुड़की, जिला हरिद्वार, कुल भूमि क्षेत्रफल 111.52 वर्ग मीटर या 1200 वर्ग फुट है, जिसका आयाम पूर्व–30 फुट, पश्चिम–30 फुट, उत्तर–40 फुट, दक्षिण–40 फुट है। उप–पंजीयक हरिद्वार के कार्यालय में दिनांक 10.02.2017 को विक्रय विलेख द्वारा पंजीकृत, पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या–3905, पृष्ठ 195 से 226, दस्तावेज संख्या 564 पर। **पूर्व**–20 फुट चौड़ी सड़क, **पश्चिम**–प्लाट संख्या 75, **उत्तर**–अन्य की संपत्ति, **दक्षिण**–संपत्ति संख्या 68 से घिरा हुआ।	रू0 16.31 लाख रू0 1,63,100/– बोली वृद्धि राशि रू0 30,000/– कब्जा नोटिस की तिथि 13.05.2019 (भौतिक कब्जा)	28.11.02025 को दोपहर 01:00 से 5.00 बजे संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय 25.11.2025 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के बीच कृपया संपर्क करें विनोद चौहान (शाखा प्रबंधक) मोबाइल–9230501793	28.11.2025 को सांय 04.50 तक	रूपये 20,66,596/– + दिनांक 31–10–2018 तक ब्याज मांग सूचना दिनांक 20.112018

नियम एवं शर्तें– 1. बिक्री प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तों के अधीन होगी। बिक्री से संबंधित नियमों व शर्तों की जानकारी दी गई वेबसाईट/वेबपोर्टल https://baanknet.com पर उपलब्ध है। 2. संपत्ति को जैसा है "जैसा है जहां है" तथा "जैसा है जो भी है" "जो कुछ भी है" के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। 3. प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई–नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से **दिनांक 28.11.2025 को दोपहर 1:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे** समाप्त होगी। 5. बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की और से बोली लगाने प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार **28.11.2025 को सुबह 11.00 बजे और शाम 04.00 बजे** के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते है।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन 30 दिवस की विक्रय की वैधानिक सूचना

दिनांक: 04.11.2025 स्थान– देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक